निर्देश | जलप्रदाय पाईप लाईन, फिल्टर प्लांट और पानी टंकियों का नपाध्यक्ष ने लिया जायजा

नियमित टंकी सफाई और पाईप लाईन का तकनीकी सुधार करने के निर्देश

पानी टंकी को कराया साफ, फिल्टर प्लांट की व्यवस्थाओं को देखा

नवभारत, बालाघाट। इंदौर की घटना को लेकर नगरपालिका परिषद द्वारा संवेदनशीलता बरती जा रही है, वार्डो की स्थिति पर नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर निगरानी बनाये हुये है जिसे लेकर उन्होंने सोमवार को सभापति समीर जायसवाल, वकील वाधवा, कमलेश पांचे, सीएमओ, अधिकारी कर्मचारियों के साथ नगर के वार्ड क्रं.1, 2, 5 एवं 31 में तकनीकी दल के साथ निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने जलप्रदाय पाईप लाईन से गंदे पानी की समस्या के समाधान को लेकर खुदाई करवाई तथा फिल्टर प्लांट में पहुंचकर सुरक्षित तरीके से कार्य करने को कहा। नपाध्यक्ष बुढ़ी स्थित पानी टंकी से होने वाले जलप्रदाय को देखने पहुंची तथा टंकी की सफाई कार्य प्रारंभ करवाई और नियमित रूप से सफाई करने निर्देशित किया।

नगर के वार्ड क्रं.5 एवं 31 में पहुंचकर नपाध्यक्ष ने वार्डवासियों से चर्चा की, यहां देखा गया कि कुछ पुराने सार्वजनिक नल है जो भूमिगत रूप से बहते है और संभवत: इन जल प्रवाहित नलों की वजह से पाईप लाईन में गंदा पानी पहुंच सकता है ऐसी आशंका पर नपाध्यक्ष ने इन वार्डवासियों द्वारा बताये गये गैरउपयोगी नलों को तुरंत बंद करने को कहा। इसी दौरान पूर्व पार्षद रामभाऊ पंचेश्वर ने एक स्थान पर पाईप लाईन लिकेज होने की बात कही और बताया कि यहां से लिकेज की वजह से समस्या हो सकती है, जिसपर नपाध्यक्ष ने तुरंत ही नपा कर्मियों से उक्त स्थान पर खुदाई करवाई और पाईप लाईन को देखा तो वह बिल्कुल ठीक थी। इसके साथ ही नगर के वार्ड क्रं.2 में पहुंचकर पाईप लाईन का जायजा लिया गया। सभी वार्डो में निरीक्षण के दौरान त्वरित रूप से उपाय किये गये है ताकि जलप्रदाय के समय शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो।

नपाध्यक्ष ने बुढ़ी स्थित पानी टंकी का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों से इसकी सफाई कराई गई एवं कहा कि 2 महीने में नियमित तौर पर सफाई होनी चाहिये। जहां उन्होंने रजिस्टर संधारण की जांच भी की। वार्ड क्रं. 1 ढीमरटोला स्थित फिल्टर प्लांट में पहुंचकर उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा जहां निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्र होने से यहां निगरानी कड़ी रखी जाये और पेयजल को स्वच्छ करने के लिये निर्धारित मात्रा में केमिकल का उपयोग हो। अमृत -2 योजना के तहत बन रहे नवीन फिल्टर प्लांट के कार्यो का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी व उपयंत्री को आदेशित किया कि कार्य को जल्द पूर्ण किया जाये जिससे कि नगरवासियों को इस नये फिल्टर प्लांट से जलप्रदाय किया जा सके। नपाध्यक्ष ने आदेशित किया कि शहर की सभी पानी टंकियों के पानी का परीक्षण किया जाये उस टंकी से जिस अंतिम घर तक पानी पहुंचता है उन जोनों सेम्पलों के गुणवत्ता की भी जांच हो ताकि स्थिति को देखा जायेगा और पता चलेगा कि कहीं पाईप लाईन में रिसाव तो नहीं पहुंच रहा है ऐसा होगा तो लाईन का परीक्षण कर उसे तुरंत ही दुरूस्त किया जाये।

नपाध्यक्ष ने जाना कि कई स्थानों पर पेयजल की पाईप लाईन फूट जाती है जिसमें भवन निर्माण, डेकोरेशन कार्य सहित अन्य खुदाई के कार्य शामिल है जिससे कि पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने से खतरा बन जाता है। नपाध्यक्ष ने कहा कि नाली के बीच से जो पाईप लाईन गुजरी है उसका तकनीकी सुधार इस प्रकार किया जाये कि ज्वाईंट नाले-नालियों के भीतर ना हो जिससे कि सीवेज का पानी पाईप लाईन में रिसाव होने का खतरा ना बनें। उन्होंने बताया कि पहले लोहे की पाईप लाईन थी जिसमें जंग लगने और सीवेज के संपर्क में आने की संभावना होती थी लेकिन जल आवर्धन योजना के तहत गुणवत्ता वाली एसडीपी पाईप लाईन तकनीकी रूप से बिछाई गई है लेकिन शहर की पुरानी बसाहट होने से कई स्थानों पर पाईप लाईन को नाली से भेजने के लिये मजबूरी बनी है। नपाध्यक्ष ने कहा कि कहीं-कहीं पाईप लाईन में टूटफूट के कारण समस्या आती है तो उसे सुधार किया जाये।

नगरपालिका का कॉल सेंटर नंबर जारी, 8349008285 नागरिक सीधे दर्ज करा सकेंगे शिकायत

नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगरपालिका कॉल सेंटर का नंबर जारी किया गया है। अब नगर के किसी भी क्षेत्र में पानी, बिजली, स्वच्छता, नाली, स्ट्रीट लाइट अथवा अन्य नगर पालिका से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नागरिक सीधे कॉल सेंटर पर सूचना दे सकते हैं।

नगरपालिका कॉल सेंटर पर प्राप्त शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित विभाग को अवगत कराया जाएगा तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर समस्या के समाधान हेतु कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर सोशल मीडिया अथवा अफवाहों पर ध्यान न देकर सीधे कॉल सेंटर पर जानकारी दें, जिससे समय रहते समस्या का निराकरण किया जा सके। नगरपालिका परिषद का कॉल सेंटर नम्बर निर्धारित समयावधि में सक्रिय रहेगा, ताकि आमजन को त्वरित एवं प्रभावी सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

गैर इस्तेमाल के नलकूप होंगे बंद, नपा कार्यालय में रहेगा जल परीक्षण लैब

नपाध्यक्ष ने निरीक्षण करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी निगरानी बरतने को आदेशित किया। उन्होंने कहा कि इंदौर की घटना से सीख लेकर जनसुरक्षा के लिये मुस्तैदी से काम किया जाये। शहर में जो भी गैर उपयोगी नलकूप है जिनका पानी इस्तेमाल करने योग्य नहीं है उन्हें बंद करने की कार्यवाही अविलंब हो। वर्तमान में शहर में 2 वक्त जलप्रदाय किया जा रहा है। एहतिहात के तौर पर 10 विभिन्न वार्डो से जल परीक्षण के लिये नमूने लिये गये है। उन्होंने बताया कि पेयजल के नियमित जांच के लिये नगरपालिका परिषद कार्यालय में जल परीक्षण लैब स्थापित की जायेगी जिससे कि तत्काल ही पानी का परीक्षण होगा और शुद्धता का पता चलेगा। नपाध्यक्ष ने सभी नागरिकों से सुरक्षा के उपाय अपनाने को कहा है, कहीं भी जल संबंधी समस्या हो तो सूचना दें। नगर पालिका द्वारा निवारण किया जाना प्राथमिकता में है क्योंकि पेयजल यह बुनियादी और स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मामले है जिसके लिये नगरपालिका बालाघाट संवेदनशील है।

कुम्हारी में एनएसएस का विशेष शिविर

बौद्धिक सत्र, लोक संस्कृति, जागरूकता और राष्ट्रभाव का अद्भुत संगम

नवभारत, बालाघाट। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) बालक एवं बालिका इकाई द्वारा ग्राम कुम्हारी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस (3 जनवरी 2026) को बौद्धिक सत्र, बौद्धिक गतिविधियाँ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह दिवस सेवा, संस्कार, सुरक्षा, साक्षरता और सांस्कृतिक समरसता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा।

दिनभर चले सत्रों के दौरान स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने पारंपरिक लोकनृत्य एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। ग्रामीण लोकसंस्कृति की जीवंत झलक ने वातावरण को उल्लास, ऊर्जा और सामूहिकता से भर दिया। लोकधुनों पर झूमते स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल को उत्सवमय बना दिया।

बौद्धिक सत्र की प्रथम वक्ता जिला यातायात थाना प्रभारी श्रीमती यीना राहंगडाले रहीं। उन्होंने यातायात नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए स्वयंसेवकों को नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस, बिना वैध कागजात एवं बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाना कानूनन अपराध है। हेलमेट की अनिवार्यता पर बल देते हुए उन्होंने इसे कानूनी दायित्व के साथ-साथ स्वयं और परिवार की सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया तथा नियम उल्लंघन पर चालान व कानूनी कार्रवाई की जानकारी भी दी।

इसके पश्चात जिला साइबर सेल से श्रीमती चांदनी शांडिल्य ने साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, अकाउंट हैकिंग, सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं एवं ओटीपी फ्रॉड से बचाव के प्रभावी उपाय बताए। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक शासन-प्रशासन की 'आँख, कान और नाक' होते हैं, अत: समाज में जनजागरूकता फैलाकर साइबर अपराधों से लोगों को सुरक्षित रखना उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बालाघाट जिले में इको-पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

बालाघाट। मध्यप्रदेश इको-पर्यटन विकास बोर्ड, भोपाल द्वारा स्वीकृत अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के अंतर्गत बालाघाट जिले के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में इको-पर्यटन गतिविधियों का आयोजन जनवरी 2026 माह में किया जाएगा। यह कार्यक्रम 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार संपन्न होंगे। उप वनमंडल अधिकारी सामान्य उपवनमंडल बालाघाट श्रीमती विनीता फुलबेल ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य वन्य जीवन, प्राकृतिक स्थलों, जैव विविधता तथा स्थानीय पर्यटन स्थलों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है।

मंदिर-मस्जिदों में 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' का किया गया आह्वान

बालाघाट। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे माह में समाज के प्रभावशाली माध्यमों को जोड़ते हुए धार्मिक स्थलों पर विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस क्रम में मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारे के साथ-साथ विवाह से जुड़े सेवा प्रदाताओं जैसे वेडिंग हॉल, बैंड पार्टी, डीजे, कैटरर एवं टेंट हाउस को अभियान में शामिल किया गया है। शासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि धार्मिक स्थलों पर प्रवचनों एवं चर्चाओं के माध्यम से बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता को बढ़ावा दिया जाए।

इसी तारतम्य में दिनांक 05 जनवरी 2026 को कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशन, रचना चौधरी (प्रशासक) के मार्गदर्शन तथा पुलिस विभाग के सहयोग से विकासखंड बैहर की जामा मस्जिद, विकासखंड बालाघाट के शंकरघाट मंदिर, त्रिपुर सुंदरी मंदिर बालाघाट एवं डॉ. एस. राधाकृष्णन हायर सेकेंडरी स्कूल, बालाघाट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बालाघाट के जंगल में जरा संभल कर चलें !

नक्सलवाद खत्म लेकिन जमीन में दफन है मौत का सामान

नवभारत, बालाघाट। बालाघाट जिले को 35 साल बाद नक्सलवाद से मुक्ति मिलने का दावा किया गया है. बालाघाट के जंगल कभी नक्सलियों के सेफ जोन माने जाते थे, जहां बम और हथियार छिपाए जाते थे. बीते एक साल में 13 हार्डकोर नक्सलियों के सरेंडर से माओवादी नेटवर्क पूरी तरह कमजोर पड़ा है. नक्सलियों की निशानदेही पर जंगलों से कई डंप रिकवर किए गए हैं, जिनमें हथियार, विस्फोटक सामग्री, नक्सली साहित्य और लाखों रुपये की नकदी बरामद हुई है।

केंद्र सरकार ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए मार्च 2026 की डेडलाइन तय की थी. बीते एक साल में सुरक्षाबलों की कार्रवाई काफी तेज रही. नतीजतन नक्सलियों को अपनी जान गवानी पड़ी, तो टूटते हौंसले ने उन्हें सरेंडर करने पर मजबूर कर दिया है. नतीजतन 35 साल माओवाद के साये में रहे बालाघाट को तय डेडलाइन से पहले ही मुक्ति मिल गई. इस साल बालाघाट में रिकार्ड 13 हार्डकोर नक्सलियों ने सरेंडर किया है।

बालाघाट नक्सलियों का सेफ जोन रहा करता था. ऐसे में नक्सली यहां के जंगलों में कई चीजें डंप करके रखते थे. ऐसे में नक्सलियों के सरेंडर करने के इतने दिनों बाद भी कई संवेदनशील चीजें दफन करके रखा है. ऐसे में बालाघाट की धरती में नक्सलियों के कई राज दफन है. लोकल 18 की बातचीत में एंटी नक्सल ऑपरेशन के एडिशनल एसपी आदर्श कांत शुक्ला ने बताया कि अब पहले की तरह अब सर्चिंग जारी है. वहीं, जहां नक्सली सक्रिय थी वहां पर सैनिटाइज किए जा रहे है. अब तक कई डंप भी मिले है. वहीं, सरेंडर नक्सलियों से पूछताछ के लिए दूसरे राज्यों की टीमें आ रही है. इसके अलावा सेंट्रल एजेंसियां आकर उनसे पूछताछ कर रहे है।

उड़ान ग्रुप द्वारा एसडीआरएफ नागपुर को 20 लाइफ जैकेट और वाटर कूलर भेंट

नवभारत, गोंदिया। समाजसेवा की मजबूत परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सहयोग ग्रुप की महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित 'उड़ान - ड्रीम बिग फ्लाई हाई' टीम ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) नागपुर के जवानों को बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों के लिए 20 लाइफ जैकेट और एक वाटर कूलर भेंट किया। यह हस्तांतरण कार्यक्रम 3 जनवरी 2026 को हिंगना, नागपुर स्थित एसडीआरएफ कैंप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उड़ान ग्रुप की ओर से 20 लाइफ जैकेट भेंट की गईं, जो बाढ़ बचाव कार्यों में जवानों की सुरक्षा को मजबूत करेंगी। वहीं, स्वर्गीय श्री संदीप मिश्रा (श्रीमती श्रुति मिश्रा के प्रिय बड़े भाई) की पावन स्मृति में मिश्रा परिवार की ओर से एक वाटर कूलर प्रदान किया गया। यह भेंट उनके करुणा, मूल्यों और सभी के प्रति साझा प्रेम के सम्मान में दी गई।

उड़ान ग्रुप का मूल उद्देश्य 'पे बैक टू सोसाइटी' की अवधारणा के तहत समाज के अंतिम छोर तक पहुंचकर जरूरतमंदों की सहायता करना है। ग्रुप निरंतर वृद्धाश्रमों, अनाथालयों, विशेष बच्चों के स्कूलों (मंदबुद्धि, मुखबधिर, अंध स्कूल), जिला परिषद स्कूलों, पुस्तकालयों, विकलांगों, आदिवासी क्षेत्रों, गरीब छात्रों-मरीजों, अस्पतालों तथा झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में सहायता प्रदान करता रहा है। वर्ष 2023-2025 में कुल 305 गतिविधियों के जरिए यह प्रयास जारी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीआरएफ की ओर से कमांडेंट श्री बच्चन सिंह (आईपीएस), डिप्टी कमांडेंट श्री कृष्णा सोनटक्के, पुलिस इंस्पेक्टर दादा दाते, देव खोबरागड़े, सुरेश चौधरी तथा सब टीम कमांडर श्री सुनील चव्हाण और श्री विशाल धुरत उपस्थित थे।

इसके अलावा सहयोग ग्रुप की और से श्री जे.के. लोखंडे, डायरेक्टर सहयोग ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स, सीओओ श्री युवराज काटकर, श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी (बीएम), श्रीमती वैशाली पारधी - टी.एल, श्रीमती श्रुति मिश्रा-एग्जीक्यूटिव, श्रीमती निशा मिश्रा तथा श्री शिहर पांडे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधियों से लिया मैनेजमेंट का गुरु मंत्र, आईआईएम इंदौर में प्रशिक्षित हुए मप्र के पंचायत प्रतिनिधि

बीजाडांडी जनपद सभापति राजेंद्र पुट्टा ने लिया प्रशिक्षण

बीजाडांडी। मध्यप्रदेश शासन के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के तत्वावधान में देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर में पांच दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। विगत दिवस हुए इस उच्च स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में जिले की जनपद पंचायत बीजाडांडी के जैव विविधता प्रबंधन समिति के सभापति राजेंद्र पुट्टा ने सहभागिता की।

इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश भर से चयनित जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों को विशेषज्ञों द्वारा आधुनिक प्रशासनिक कौशल सिखाए गए। प्रशिक्षण के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, आईसीटी और ई-डिस्ट्रिक्ट जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों को सिखाया गया कि कैसे आधुनिक तकनीक के माध्यम से शासन को और अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

ग्रामीण विकास के लिए सीखे प्रबंधन के गुर

आईआईएम इंदौर के विशेषज्ञों ने पब्लिक फाइनेंस, ऑपरेशनल एक्सीलेंस, जेम पोर्टल के माध्यम से सरकारी खरीद प्रक्रिया और वित्तीय प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया। इसके अलावा टीम बिल्डिंग, रणनीतिक योजना निर्माण, सतत विकास लक्ष्य और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से ग्रामीण विकास को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रभावी संप्रेषण और इंटरपर्सनल रिलेशनशिप जैसे सॉफ्ट स्किल्स पर भी सत्र आयोजित किए गए।

बीजाडांडी क्षेत्र में सुधरेगा सुशासन

जिले का प्रतिनिधित्व कर लौटे राजेंद्र पुट्टा ने बताया कि आईआईएम इंदौर में प्राप्त यह ज्ञान और अनुभव उनके क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। वे अब अपने जनपद एवं ग्राम पंचायतों के अन्य जनप्रतिनिधियों को भी इन विषयों की जानकारी देंगे।

रमाई आंबेडकर जयंती समारोह आयोजन की रूपरेखा बनाने हेतु बैठक 11 को

नवभारत, बालाघाट। त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जी की जयंती समारोह का आयोजन दिनांक 7 फरवरी 2026 को आद.लता ताई तायडे जी महाराष्ट्र राज्य संगठक एवं वरिष्ठ केंद्रीय शिक्षिका भुसावल के मुख्यातिथि में,अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष क्क्स्ढ्ढ की अध्यक्षता में,इस समारोह के प्रमुख अतिथि डॉ. चरनदास ढेंगरे जी अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा एवं केंद्रीय शिक्षक,आर के कटाने जी प्रदेश सचिव एवं केंद्रीय शिक्षक एवं अन्य पदाधिकारी यो के आतिथ्य में सम्पन्न किया जा रहा है,इस अवसर पर माता रमाई,बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी की जीवनी एवं धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया पर आधारित धम्म ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया,उक्त समारोह गरिमामई रूप से सम्पन्न किए जाने हेतु एवं संगठन के धम्म कार्यों को सुचारू रूप से निरंतर जारी रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाने हेतु प्रतिमाह की बैठक के एजेंडे पर आवश्यक बैठक का आयोजन दिनांक 11/01/2026 दिन रविवार को समय दोपहर 1 बजे से संस्था के जिला कार्यालय बूढी रेलवे फाटक के बालाघाट मप्र में आहुत की गई है।अत: जिला शाखा के समस्त,सभी तहसील,नगर,सर्कल एवं अन्य शाखाओं के पदाधिकारी यो से अपील की जाती हैं कि अनिवार्य रूप से निर्धारित समय पे बैठक में अपनी उपसस्थिति दे।

एडवाइजरी | गर्म कपड़े पहनें, कई परतों में वस्त्र धारण करें, अनावश्यक यात्रा से बचें

शीतलहर से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

नवभारत, बालाघाट। जिले में इन दिनों पड़ रही अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को सतर्क एवं सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे शीतलहर के दौरान विशेष सावधानी बरतें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि शीतलहर एवं अत्यधिक ठंड के कारण जनमानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड से हाइपोथर्मिया एवं फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियां हो सकती हैं तथा गंभीर परिस्थितियों में मृत्यु तक की संभावना भी रहती है। उन्होंने बताया कि शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अधिक संवेदनशील होते हैं। शीतलहर में न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट, ठंडी हवाएं चलना तथा पाला या बर्फ जमने जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में नागरिकों को सलाह दी गई है कि शीतलहर के दौरान स्थानीय रेडियो, टेलीविजन एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मौसम की जानकारी नियमित रूप से प्राप्त करते रहें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें एवं कई परतों में वस्त्र धारण करें। सिर, गर्दन, हाथ और पैरों को अच्छी तरह ढकें, टोपी, मफलर, मोज़े एवं वॉटरप्रूफ जूतों का उपयोग करें। इसके साथ ही गर्म एवं तरल पेय पदार्थ जैसे चाय, सूप आदि लेते रहें तथा संतुलित आहार के साथ विटामिन-सी युक्त फल एवं सब्जियों का सेवन करें। ठंडी हवा से बचें, यथासंभव घर के अंदर रहें एवं अनावश्यक यात्रा न करें। बच्चों, बुजुर्गों, अकेले रहने वाले एवं असहाय व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने की भी अपील की गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अत्यधिक ठंड से प्रभावित होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और निकटस्थ स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल से संपर्क करें। गीले कपड़े पहनकर न रहें, तुरंत सूखे कपड़े पहनें। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को मादक पेय पदार्थ न दें। हाइपोथर्मिया एवं फ्रॉस्टबाइट के लक्षणों में तेज कंपकंपी, अत्यधिक थकान, भ्रम की स्थिति, बोलने में कठिनाई, नींद आना, हाथ-पैर की उंगलियों, कान या नाक में सुन्नता, सफेद या पीला पड़ना शामिल हैं। शिशुओं में ठंडी, लाल त्वचा एवं ऊर्जा की कमी इसके प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है, ऐसे में प्रभावित व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाकर सूखे कंबल से ढकें और शीघ्र अस्पताल पहुंचाएं।

जावर क्रमांक - 64/ स्थापना / 2025 बालाघाट दिनांक :- 05/01/2026

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
कार्यालय प्राचार्य शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट
Govt. J.S.T.P.G. College, Balaghat (M.P.)
E-mail: hegjtcbal@mp.gov.in

Tender Notice -NIT No: 2026_HED_473116_1 RFQ No:40/2026/Stationary

पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट, म.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति संवर्ग के विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय कार्यालयीन हेतु विभिन्न स्टेशनरी सामग्रियों की खरीद के लिए खुली निविदा आमंत्रित करता है। निविदा की प्रक्रिया म.प्र. भंडार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022 के अनुसार एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से की जाएगी एवं निविदा केवल एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मोड में ही स्वीकार की जाएगी।

1.	निविदा भरे जाने की आरंभिक तिथि	05/01/2026
2.	निविदा समाप्ति तिथि	19/01/2026 11:00 AM

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय प्रधानमंत्री त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट